
'अदा की आहट' से मचेगा खौफ

अदा शर्मा एक बार फिर हॉरर की दुनिया में लौटने को तैयार हैं। इस बार उनका अंदाज कुछ अलग होगा। हैलोवीन के मौके पर वह 'अदा की आहट' नाम से डरावनी शॉर्ट फिल्मों की एक रोमांचक सीरीज लेकर आ रही हैं, जहां रहस्य, सस्पेंस और अप्रत्याशित ट्विस्ट का जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा।अदा के मुताबिक, 2027 में उनकी दो हॉरर फिल्में रिलीज होंगी, लेकिन प्रशंसकों की लगातार मांग को देखते हुए उन्होंने 'अदा की आहट' की शुरुआत करने का फैसला किया। वहीं, 'सुपर वेल्ली' में आलसी सुपरहीरो और एक त्रिभाषी फिल्म में देवी के किरदार के साथ वह अपने अभिनय के नए रंग भी दिखाने जा रही हैं।



अमन का दूसरा सिंगल 'तन्हा मैं' रिलीज



अपने डेब्यू सिंगल 'जादूगरी' की रिलीज के बाद, सिंगर-सॉन्गराइटर अमन राह रिकॉर्ड्स के दूसरे सिंगल 'तन्हा मैं' के साथ वापसी कर रहे हैं। इंडी-पॉप को भारतीय संगीत के समृद्ध प्रभावों के साथ मिलाकर तैयार किया गया यह गाना एक बेहद निजी एहसास को सामने लाता है–किसी ऐसे शख्स की कमी महसूस करने से उपजने वाली एक अलग तरह की तन्हाई, जो वास्तव में आपसे दूर नहीं है, लेकिन जिसकी गैरमौजूदगी ही हर चीज को थोड़ा अधूरा महसूस कराने के लिए काफी है।आज की तेज रफ्तार दुनिया में, जहां नई जगहें, नए लोग और नए अनुभव लगातार हमारी जिंदगी का हिस्सा बनते रहते हैं, 'तन्हा मैं' उस एहसास को खूबसूरती से बयां करता है, जब आपको पता होता है कि कोई अपना वापस लौट आएगा, फिर भी आप उसे याद करते हैं। यह गाना कुछ समय के लिए दूर रहने से पैदा होने वाले उन जज्बातों को तलाशता है, जब थोड़ी-सी दूरी ही आपको एहसास दिला देती है कि कोई शख्स आपकी रोजमर्रा की जिंदगी का कितना अहम हिस्सा बन चुका है।

साथ दिखेंगे गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या,




खन्ना और श्रद्धा आर्या के नए शो 'दिल की बेवफाइयाँ' की प्रीमियर डेट का ऐलान कर दिया है। एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित इस रोमांटिक फैमिली ड्रामा में गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या पहली बार पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। 'अनुपमा' और 'कुंडली भाग्य' जैसे लोकप्रिय शोज के बाद दोनों कलाकार इस नए शो के जरिए एक बार फिर डेली फिक्शन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। 'दिल की बेवफाइयाँ' का प्रीमियर 24 नवंबर को स्टार प्लस पर होगा।

शो के लॉन्च को और भी खास बनाते हुए स्टार प्लस ने 'दिल की बेवफाइयाँ' के नौ पोस्टर्स एक साथ जारी किए हैं। टेलीविजन शो के प्रमोशन में अपनी तरह की इस पहली पहल के जरिए दर्शकों को शो की दुनिया की पहली झलक देखने को मिली है। इन नौ पोस्टर्स ने शो के किरदारों, उनके आपसी रिश्तों और कहानी में आने वाले उतार-चढ़ाव को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।

कशिका कपूर का डबल धमाका!

अभिनेत्री कशिका कपूर भी इन दिनों अपनी प्रतिभा, आकर्षक अंदाज और लगातार बदलते सिनेमाई रंगों के चलते चर्चा में हैं। हाल ही में नील नितिन मुकेश के साथ रिलीज हुए गाने 'बेवफा से' में उनका शानदार प्रदर्शन दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। अपने किलर डांस मूव्स, दिलकश एक्सप्रेशन्स और जबरदस्त आत्मविश्वास के साथ कशिका ने पर्दे पर ऐसा अंदाज पेश किया है, जो गाने को और भी खास बना देता है।'बेवफा से' में कशिका का अंदाज़ सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके डांस में ऊर्जा, सहजता और भावनाओं का खूबसूरत तालमेल भी दिखाई देता है। कशिका की आगामी तेलुगु फिल्म 'कास्ट' ने भी अभी से उत्सुकता का माहौल बना दिया है। फिल्म के टीजर की झलक में उनका एक अलग ही सिनेमाई अंदाज देखने को मिला है। 'बेवफा से' में जहां वह अपने आकर्षक व्यक्तित्व और शानदार डांस से दर्शकों को लुभाती नजर आती हैं, वहीं 'कास्ट' में उनके किरदार की झलक एक अलग तरह की उत्सुकता पैदा करती है।



ऋचा चड्ढा ने स्नेहा के साथ मिलाया हाथ



ऋचा चड्ढा को अपनी नई सीरीज 'मुसाफिरी' के लिए एक नया साथी मिल गया है, और यह साथी संगीत के जरिए उनसे जुड़ा है। भारत की अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं को दिखाने वाली उनकी इस सीरीज का टाइटल ट्रैक मशहूर संगीतकार स्नेहा खानवलकर ने तैयार किया हैस्नेहा ने इस गाने को कंपोज करने के साथ-साथ अपनी आवाज भी दी है। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के यादगार संगीत और 'द साउंड ट्रिपिन' जैसे अनोखे म्यूजिक शो के लिए जानी जाने वाली स्नेहा ने इस गाने में सफर और नई जगहों को जानने की उत्सुकता को खूबसूरती से दिखाया है। यह गाना सिर्फ मशहूर जगहों तक सीमित न रहकर भारत की अनकही कहानियों और अलग-अलग रंगों को जानने का एहसास कराता है।

अमिताभ बच्चन ने गलत खबर पर मीडिया को लताड़ा



अमिताभ बच्चन ने अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में मीडिया में छपी एक खबर को लेकर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। अमिताभ ने आरोप लगाया है कि उनके शब्दों को मीडिया प्रचार के लिए गलत संदर्भ में पेश कर रहा है। इतना ही नहीं, सदी के महानायक ने इसके लिए मीडिया को कड़ी चेतावनी भी दी है। दरअसल, मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने हाल ही में एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें उन्होंने भगवान कृष्ण के लिए अक्सर इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक पंक्ति, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की से जुड़ा एक भावुक संदेश और ब्लॉग लिखा था। अमिताभ का कहना है कि मीडिया ने इन शब्दों को तोड़मरोड़कर प्रस्तुत किया है। अमिताभ ने स्पष्ट किया कि उनका पोस्ट वास्तव में भगवान कृष्ण के प्रति एक प्रार्थना थी और उनके शब्द न किसी राजनीतिक बयान का हिस्सा थे, न ही किसी विरोधी पर उन्होंने कोई तंज कसा था। उन्होंने कहा कि मीडिया ने ऐसी खबर छपकर धार्मिक नजरिए से भी गलत किया है और इसे धर्म का निरादर भी बताया है।

किंग के नए गाने में सुहाना खान की पहली झलक



शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। हाल ही में फिल्म का नया गाना तू मिल जाए जारी किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस रोमांटिक गाने में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। हालांकि, इस गाने के साथ एक और बात सुर्खियों में आ गई है। कई फैंस यह दावा कर रहे हैं कि उन्हें इस गाने में शाहरुख खान की बेटी, सुहाना खान की भी एक झलक देखने को मिली है। इस कथित झलक ने सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है और लोग फिल्म में उनके किरदार को लेकर कयास लगा रहे हैं। यह खास सीन गाने के लगभग दो मिनट बाद आता है, जो देखने में एक एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा प्रतीत होता है। इसमें एक लड़की आग की लपटों से घिरे एक घर की तरफ देखती हुई नजर आती है। हालांकि, लड़की का चेहरा स्पष्ट रूप से नहीं दिखता, लेकिन फैंस का मानना है कि यह सुहाना खान ही हैं, जिन्होंने शायद फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सैयामी ऑस्ट्रेलिया की भावुक यात्रा पर

लगातार कई महीनों तक फिल्मों की शूटिंग, काम की व्यस्तता और आयरनमैन ट्रायथलॉन की कड़ी तैयारी के बाद सैयामी खेर ने हाल ही में कुछ समय अपने लिए निकाला। वह अपने पिता अद्वैत खेर के साथ ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड घूमने गईं। यह यात्रा उनके लिए सिर्फ छुट्टियां बिताने का मौका नहीं थी, बल्कि एक भावुक अनुभव भी थी। इस दौरान उन्हें अपने पिता के साथ खेल, रोमांच और प्रकृति से जुड़ी उन चीजों को दोबारा जीने का मौका मिला, जिनसे उन्हें उनके पिता ने बचपन में प्यार करना सिखाया था।सैयामी ने इस यात्रा के दौरान माता-पिता की जिम्मेदारियों, उनके त्याग और बच्चों के बड़े होने के बाद रिश्तों में आने वाले बदलावों को लेकर एक भावुक नोट भी साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे माता-पिता पूरी जिंदगी अपने बच्चों की खुशियों के लिए अपनी जरूरतों और इच्छाओं को पीछे रखते हैं। लेकिन समय के साथ जब बच्चे बड़े होते हैं, तो वही बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल करने लगते हैं।



कृति सेनन ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म ऑब्सेशन के हिंदी संस्करण को दी अपनी आवाज

अभिनेत्री कृति सेनन एक बार फिर अपने एक खास प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा का विषय बन गई हैं। इस बार उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म, ऑब्सेशन के हिंदी संस्करण के लिए अपनी आवाज दी है, जिसके लिए वह बेहद उत्साहित हैं। कृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डबिंग सेशन की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं, जिनमें उनके साथ फिल्म भेड़िया के निर्देशक अमर कौशिक और उनके को-स्टार वरुण धवन भी नजर आए। इस तिकड़ी की मुलाकात ने फैंस को उनकी पुरानी ऑनस्क्रीन जोड़ी और पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री की याद दिला दी।



ललित कुमार मुदुली बने 'इंडिया के टॉप 1%'

स्टार प्लस के नए गेम शो 'इंडिया के टॉप 1% - द अनिल कपूर शो' को अपना पहला पुरुष विजेता मिल गया है। ओडिशा के ललित कुमार मुदुली ने 794 लाख की शानदार राशि जीतकर शो में अपनी जीत दर्ज की।ललित ने पूरे खेल के दौरान दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा और अपने फैसलों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कई मजबूत प्रतियोगियों के साथ मुकाबला किया, जिन्होंने अपनी यात्रा समाप्त होने के बाद भी उनका उत्साह बढ़ाया।अपनी जीत के बारे में बात करते हुए ललित ने कहा, 'अनिल कपूर सर की मेजबानी में 'इंडिया के टॉप 1%' का हिस्सा बनना मेरे लिए एक शानदार अनुभव था और इसे जीतना ऐसा पल है, जिसे मेरा परिवार और मैं कभी नहीं भूल पाएंगे।



सबके खिलाफ अकेला एक इंसान



तेजी से बदलते शहर में कुछ चीजों को छोड़ना दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होता है। मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी और दिव्या दत्ता अभिनीत लास्ट मैन इन टावर की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो अपने प्यारे घर को बचाने के लिए पूरी हाउसिंग सोसायटी के खिलाफ खड़ा हो जाता है। यह एक सेवानिवृत्त शिक्षक की दिलचस्प कहानी है, जो पुनर्विकास के लिए आकर्षक प्रस्ताव मिलने के बावजूद मुंबई स्थित अपना अपार्टमेंट खाली करने से इनकार कर देता है। यह फिल्म 6 नवंबर 2026 को हिंदी जी 5 पर रिलीज होगी।राणा दग्गुबाती की स्पिरिट मीडिया द्वारा निर्मित और बेन रेखी के निर्देशन में बनी यह फिल्म अरविंद अडिगा के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। मुंबई के बदलते शहरी परिवेश की पृष्ठभूमि पर आधारित यह दिलचस्प ड्रामा, लोगों को उनके घरों से जोड़ने वाले भावनात्मक बंधनों, मानवीय रिश्तों की जटिलताओं और उस स्थिति में सामने आने वाले कठिन विकल्पों की पड़ताल करता है, जब अतीत का सामना बदलाव की संभावनाओं से होता है।

विचार साझा करना और सवाल पूछना जरूरी है

हस्तिनापुर के वीर में जैसे-जैसे भीष्म पितामह (मनीष वाधवा) हस्तिनापुर के बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, राधे (वेंकटेश पांडे) भीष्म से सवाल करता है और खुलकर अपने विचार साझा करता है, जिससे उनके रिश्ते को एक नया आयाम मिलता हैराधे के सवाल भीष्म के दृष्टिकोण को चुनौती देते हैं और उनके रिश्ते में एक बदलाव लेकर आते हैं, क्योंकि भीष्म खुद को ऐसे व्यक्ति के सामने पाते हैं, जो अपने विचार खुलकर व्यक्त करने और अपनी मान्यताओं पर सवाल उठाने से नहीं डरता। , मनीष वाधवा ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज की पीढ़ी अपने विचार व्यक्त करने और सवाल पूछने के मामले में कहीं अधिक खुली हुई है। मैं यह बात अपने बेटे और बेटी, दोनों में देखता हूँ।

